मुद्रित पृष्ठों की कुल संख्या / Total No. of printed pages: 08

# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
# Atomic Energy Education Society
## वार्षिक परीक्षा / Annual Examination 2025-26

कक्षा /Class :VI (छठी) अवधि/Duration : 3 घंटे (Hours)

विषय /Subject : हिन्दी (द्वितीय भाषा) अधिकतम अंक/Maximum Marks : 80

**सामान्य निर्देश / General Instructions:**

1. इस प्रश्न पत्र में क, ख, ग और घ चार खंड हैं। चारों खंडों के उत्तर उनके निर्देशानुसार दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है। सभी प्रश्नों के उत्तर सही और सुंदर लेख में दीजिए।
3. खंड क और ख के सभी प्रश्न बहुविकल्पी हैं ।
4. सभी प्रश्नों के उत्तर यथासंभव सही क्रम में देने का प्रयत्न करें ।

### खंड - ( क ) अपठित बोध

**प्रश्न 1. नीचे दिए गए अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।** (1X7 =7)

पुस्तकें हमारे जीवन की सबसे सच्ची मित्र मानी जाती हैं। वे हमें ज्ञान देती हैं, हमारा मार्गदर्शन करती हैं और कठिन समय में साहस भी प्रदान करती हैं। एक अच्छी पुस्तक पढ़ने से न केवल हमारा ज्ञान बढ़ता है, बल्कि हमारी सोच भी व्यापक होती है। यही कारण है कि शिक्षक और माता-पिता बच्चों को नियमित रूप से पुस्तकें पढ़ने की सलाह देते हैं। आजकल बच्चों में कहानी की किताबों, विज्ञान की पुस्तकों और चित्रों वाली पुस्तकें पढ़ने का शौक बढ़ रहा है। स्कूल की लाइब्रेरी में बच्चे अपनी पसंद की किताबें चुनते हैं और उन्हें घर ले जाकर पढ़ते हैं। इससे न केवल उनकी भाषा सुधरती है, बल्कि पढ़ने की गति भी बढ़ती है। पुस्तकें हमें कई महत्वपूर्ण जीवन-मूल्यों की भी शिक्षा देती हैं, जैसे ईमानदारी, मेहनत, सहयोग और साहस। जब हम किसी महान व्यक्ति की जीवनी पढ़ते हैं, तो हमें पता चलता है कि उन्होंने कठिन परिस्थितियों का सामना कैसे किया और सफल कैसे बने। इससे बच्चों में प्रेरणा और आत्मविश्वास पैदा होता है। हालाँकि आज मोबाइल और टीवी बच्चों को जल्दी आकर्षित करते हैं, लेकिन पुस्तकें हमेशा अधिक उपयोगी साबित होती हैं। मोबाइल मन को भटकाता है, जबकि पुस्तकें मन को एकाग्र करती हैं। इसलिए बच्चों को रोज़ थोड़ा समय पढ़ने की आदत जरूर डालनी चाहिए। पुस्तकें हमें सीखने, समझने और आगे बढ़ने का रास्ता दिखाती हैं।

इसलिए कहा जाता है कि "पुस्तकें ज्ञान का खजाना हैं" और जो इन्हें पढ़ता है, वह कभी भी ज्ञान से गरीब नहीं रहता।

(i) पुस्तक पढ़ने से क्या बढ़ता है?

(क) बोझ (ख) ज्ञान (ग) झगड़ा (घ) डर

(ii) पुस्तकें कौन से जीवन-मूल्य सिखाती हैं?

(क) लालच (ख) लापरवाही (ग) झगड़ा (घ) ईमानदारी

(iii) महान व्यक्तियों की जीवनी पढ़कर हम क्या प्राप्त करते हैं ?

(क) प्रेरणा (ख) गुस्सा (ग) आलस (घ) डर

(iv) मोबाइल बच्चों के मन पर क्या प्रभाव डालता है?

(क) मजबूत करता है (ख) एकाग्र करता है (ग) भटकाता है (घ) खुश करता है

(v) पढ़ने की आदत से किसमें सुधार होता है?

(क) खानपान में (ख) भाषा में

(ग) खेल में (घ) सोने के समय में

(vi) आजकल बच्चों में किस प्रकार की पुस्तकें लोकप्रिय हैं?

(क) विज्ञान व कहानी की पुस्तकें (ख) अख़बार

(ग) रसोई की पुस्तकें (घ) इतिहास की मोटी किताबें

(vii) गद्यांश का मुख्य संदेश क्या है?

(क) मोबाइल ज्यादा जरूरी है (ख) किताबें केवल बड़ों के लिए हैं

(ग) पढ़ना समय की बर्बादी है (घ) पुस्तकें ज्ञान का स्रोत हैं

**प्रश्न 2. नीचे दिए गए अपठित पद्यांश को ध्यान से पढ़कर सही विकल्प चुनिए। (1X7=7** अंक**)**

नीले आकाश के नीचे, हरियाली मुस्काती है,
सुबह की कोमल धूप, नई राहें दिखलाती है।
पंछी मधुर सुरों में, दुनिया को जगाते हैं,
फूलों की मीठी खुशबू, मन को महकाते हैं।

नदियों का निर्मल जल, जीवन का उपहार है,
पहाड़ों की ऊँची चोटी, साहस का आह्वान है।
पेड़ खड़े दृढ़ होकर, धैर्य का पाठ पढ़ाते,
ठंडी हवा के झोंके, मन को शांति दिलाते।
यदि हम मिलकर प्रयास करें, तो यह धरती मुस्काए,
सुंदर भविष्य का सपना, सच होकर जगमगाए।

(i) पेड़ हमें कौन-सा पाठ पढ़ाते हैं ?

(क) ईर्ष्या का (ख) धैर्य का (ग) भय का (घ) क्रोध का

(ii) हवा के झोंके मन को क्या देते हैं ?

(क) दुख (ख) भ्रम (ग) डर (घ) शांति

(iii) कविता में नीले आकाश के नीचे क्या मुस्काती है ?

(क) नदी (ख) पहाड़ (ग) हरियाली (घ) हवा

(iv) नदियों के जल को किस रूप में बताया गया है ?

(क) समस्या (ख) उपहार (ग) विपत्ति (घ) बाधा

(v) पहाड़ों की ऊँची चोटी क्या संदेश देती है ?

(क) साहस का (ख) क्रोध का (ग) आलस का (घ) गुस्से का

(vi) धरती कब मुस्काएगी ?

(क) जब हम झगड़ेंगे (ख) जब हम सोएंगे
(ग) जब हम उसे बचाने का प्रयास करेंगे (घ) जब हम खेलेंगे

(vii) कविता का मुख्य विषय क्या है ?

(क) प्रकृति का महत्व (ख) खेलकूद
(ग) शहर का जीवन (घ) त्योहार

## खंड - (ख) व्यवहारिक व्याकरण)

**प्रश्न 3. नीचे दिए गए बहुविकल्पी व्यवहारिक व्याकरण प्रश्नों का उत्तर निर्देशानुसार सही विकल्प छाँटकर लिखो ।** **(1x20= 20 अंक)**

(i) नीचे दिए शब्दों में से मिट्टी की विशेषता बताने वाला शब्द कौन-सा है ?

(क) उपजाऊ (ख) विहंग (ग) तरल (घ) चमकीली

(ii) संज्ञा की जगह काम आने वाले शब्दों को कहते हैं ?

(क) विशेषण (ख) कारक (ग) सर्वनाम (घ) समास

(iii) इनमें से 'आसमान' का समानार्थी शब्द होगा ?

(क) नाद (ख) गगन (ग) अनल (घ) तटिनी

(iv) इनमें से 'फूल' का पर्यायवाची शब्द होगा ?

(क) सुमन (ख) बीज (ग) जड़ (घ) पत्ता

(v) नीचे दिए शब्दों में से 'सूर्य' की विशेषता बताने वाला शब्द कौनसा है ?

(क) ठंडा (ख) विनाशकारी (ग) घना (घ) तेजस्वी

(vi) "बच्चे हाफ पैंट पहन सकते हैं, लेकिन गांधी टोपी उस दिन उन्हें भी पहननी पड़ती है।"

इस वाक्य में रेखांकित शब्द है?

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) सर्वनाम (घ) समास

(vii) "जिस द्वीप में भगवान ने भारतीयों को भेज दिया, उस द्वीप को उन्होंने छोटा सा हिंदुस्तान बना डाला।" इस वाक्य में सर्वनाम शब्द होगा?

(क) उन्होंने (ख) भगवान (ग) छोटा-सा (घ) द्वीप

(viii) इनमें से 'पवन' का समानार्थी शब्द होगा?

(क) नाद (ख) सरिता (ग) तुरंग (घ) हवा

(ix) 'दयालु' का विपरीतार्थक शब द होगा?

(क) आलू (ख) निर्दयी (ग) अयोग्य (घ) दया

(x) 'मेरी माता जी मुझसे बहुत प्यार करती है।' इस वाक्य में विशेषण शब्द होगा?

(क) प्यार (ख) माता जी (ग) बहुत (घ) मुझसे

(xi) इनमें से 'पक्षी' का दूसरा समानार्थी शब्द कौन-सा होगा?

(क) पोथी (ख) पंछी (ग) सुभग (घ) हाथी

(xii) 'चार पहर बंसीवट <u>भटक्यो</u>, सांझ परे घर आयो।' रेखांकित शब्द का अर्थ होगा?

(क) इधर -उधर घूमना (ख) बंसी बजाना

(ग) शाम को लौटना (घ) चार पहर घूमना

(xiii) 'साँझ का समानार्थी' शब्द कौनसा है?

(क) शाम (ख) दोपहर

(ग) रात (घ) सुबह

(xiv) 'अब पछताए होत क्या जब चिड़ियां चुग गई खेत' कहावत का क्या अर्थ होगा?

(क) चिड़ियां खेत से उड़ गई। (ख) चिड़ियां खेत को चुग गई ।

(ग) समय निकलने पर पछताने से कोई फायदा नहीं। (घ) पछताना बेकार होता है।

(xv) 'प्रकाश' शब्द का विलोम शब्द है-

(क) उजाला (ख) सवेरा (ग) अंधकार (घ) उजियाला।

(xvi) वह काम जल्दी करती है। इस वाक्य में सर्वनाम है -

(क) जल्दी (ख) काम (ग) है (घ) वह

(xvii) मोहन ने **<u>कुछ</u>** खाया। वाक्य में रेखांकित सर्वनाम का प्रकार बताइए -

(क) निश्चयवाचक (ख) अनिश्चयवाचक (ग) संबंधवाचक (घ) पुरुषवाचक

(xviii) 'राजा ने चोर को दंड दिया' इस वाक्य में 'को' कारक होगा?

(क) कर्ता कारक (ख) कर्म कारक (ग) संबंध कारक (घ) संप्रदान कारक

(xix) 'किताब' शब्द व्याकरण की दृष्टि से होगा?

(क) क्रिया (ख) उपसर्ग (ग) विशेषण (घ) संज्ञा

(xx) 'एक अनार सौ बीमार' इस कहावत का अर्थ होगा?

(क) ऐसी चीज जिसको चाहने वाले अनेक (ख) कोई कीमती चीज

(ग) ऐसी अनेक चीजें (घ) इनमें से कोई नहीं

**( खंड़ - ग, पाठ्यपुस्तक )**

**प्रश्न 4. दिए गए पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए।**

किसान युवक के सामने हाथ जोड़कर खड़ा हो गया। बोला, “महाराज, आपने आज मुझे उबार लिया, नहीं तो सारी रात मुझे यहाँ बैठना पड़ता।” युवक ने हँसकर कहा, “अब मुझे कुछ इनाम देते हो?” किसान ने गंभीर भाव से कहा, “नारायण चाहेंगे तो दीवानी आपको ही मिलेगी।” युवक ने किसान की तरफ़ गौर से देखा। उसके मन में एक संदेह हुआ, कहीं यह सुजानसिंह तो नहीं हैं? आवाज़ मिलती है, चेहरा-मोहरा भी वही। किसान ने भी उसकी ओर तीव्र दृष्टि से देखा। शायद उसके दिल के संदेह को भाँप गया। मुस्कराकर बोला, “गहरे पानी में पैठने से ही मोती मिलता है।”

निदान महीना पूरा हुआ। चुनाव का दिन आ पहुँचा। उम्मीदवार लोग प्रातःकाल ही से अपनी किस्मतों का फैसला सुनने के लिए उत्सुक थे। दिन काटना पहाड़ हो गया। प्रत्येक के चेहरे पर आशा और निराशा के रंग आते थे। नहीं मालूम, आज किसके नसीब जागेंगे ! न जाने किस पर लक्ष्मी की कृपादृष्टि होगी।

(क) उपर्युक्त गद्यांश किस पाठ से लिया गया है? **(1अंक)**

(ख) किसान की तरफ देखकर युवक के मन में क्या सन्देह हुआ ? **(2अंक)**

(ग) उम्मीदवारों के लिए दिन काटना पहाड़ क्यों हो गया ? **(2अंक)**

**प्रश्न 5. दिए गए पठित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।**

जो तनिक हवा से बाग हिली
लेकर सवार उड़ जाता था।
राणा की पुतली फिरी नहीं
तब तक चेतक मुड़ जाता था।
कौशल दिखलाया चालों में
उड़ गया भयानक भालों में।

निर्भीक गया वह ढालों में
सरपट दौड़ा करवालों में।

(क) उपर्युक्त पद्यांश किस कवि द्वारा रचित है ? **(1अंक)**

(ख) चेतक कब मुड़ जाता था ? **(2अंक)**

(ग) चेतक ने शत्रुओं का सामना कैसे किया ? **(2अंक)**

**प्रश्न 6. किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्य में दीजिए। (2X3=6अंक)**

(i) पौधे अपना भोजन कैसे प्राप्त करते हैं?

(ii) एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा कौन-से बिहू के अवसर पर भारत आए थे?

(iii) यशोदा माता ने श्रीकृष्ण को हँसते हुए गले से क्यों लगा लिया?

(iv) दीवान के सामने क्या समस्या थी? उन्होंने इसका क्या समाधान खोजा?

**प्रश्न 7. किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए। (3X4=12अंक)**

(i) "एंजेला के मन में कई तरह के विचार चल रहे थे।" उसके मन में कौन-कौन से विचार चल रहे होंगे?

(ii) "मॉरिशस की असली ताकत भारतीय लोग ही हैं।" 'हिंद महासागर में छोटा-सा हिंदुस्तान; पाठ में इस कथन के समर्थन में कौन-सा तर्क दिया गया है?

(iii) बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है?

(iv) निर्भीक गया वह ढालों में, सरपट दौड़ा करवालों में - पंक्ति का अर्थ बताइए ।

(v) हिन्द महासागर में छोटा सा हिन्दुस्तान के आधार पर बताइए कि नेशनल पार्क और चिड़ियाघर में क्या अन्तर है ?

(vi)"मैया मैं नहि ं माखन खायो" पद में श्रीकृष्ण ने अपने बारे में क्या-क्या बताया है?

**प्रश्न 8. निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों के उत्तर विस्तार में दीजिए। (4X2 = 8 अंक)**
**(लगभग 40-50 शब्दों में )**

I. "हम लोग पेड़-पौधे और खरपात से भी बदतर समझे गए।" वे कौन थे जिन्होंने लेखक और अन्य लोगों को पेड़-पौधों और खरपात से भी बदतर समझ लिया था ? उन्होंने ऐसा क्यों समझ लिया था?

II. "इस तरह संतान के लिए अपना जीवन न्योछावर करके वृक्ष समाप्त हो जाता है।" वृक्ष के समाप्त होने के बाद क्या होता है?

III. "जब तक एंजेला कुछ समझ पाती, तब तक वह लंदन से नई दिल्ली होते हुए गुवाहाटी की उड़ान पर थी।" एंजेला और उसकी माँ एलेसेंड्रा ने भारत की यात्रा से पहले कौन-कौन सी तैयारियाँ की होंगी?

IV. 'चेतक की वीरता' में कवि क्या संदेश देना चाहते हैं?

## खंड- ( घ ) रचनात्मक लेखन

प्रश्न 9. शुल्क मुक्ति हेतु अपने प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए। (5 अंक)

अथवा

परीक्षा में सफलता प्राप्त करने पर अपने मित्र को एक बधाई पत्र लिखिए।

प्रश्न 10. नीचे दिए गए निबंधों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। (5 अंक)

(क) दीपावली

(ख) समय का सदुपयोग

*****